# Physical Education Department activities for the session 2020-21



दैनिक भास्कर बुधवार 13 जनवरी, 2021

## आईजीएन कॉलेज में मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

लाडवा | लाडवा के इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इतिहास विभाग और शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि कॉलेज एवं अन्य शिक्षण संस्थाओं के प्रधान पवन गर्ग रहे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने विद्यार्थियों को एकाग्रता के साथ आगे बढ़ते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। वहीं प्रबंधक समिति के प्रधान पवन गर्ग ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मौके पर डॉ. रवीश चैहान, डॉ. अशोक वर्मा, डॉ. संदीप बंसल, डॉ. सुमन सिवॉच, डॉ. अमित वशिष्ठ, डॉ. सुदेश बंसल, डॉ. सुरेन्द्र कुमार और डॉ. नीतू मौजूद रहे।

**College celebrated Swami Vivekananda Jayanti on 12 January, 2021.**



**College celebrated Swami Vivekananda Jayanti on 12 January, 2021.**

रविवार • 14.02.2021

अमर उजाला

# वर्तमान ने भूतपूर्व छात्रों की टीम को 8 विकेट से दी मात

## इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में हुआ क्रिकेट मैच, खिलाड़ियों ने दिखाया दम



कॉलेज में क्रिकेट मैच से पूर्व मैदान में मौजूद क्रिकेट टीम व कॉलेज स्टाफ। संवाद

**लाडवा।** इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं एलूमनी अफेयर्स समिति के संयुक्त तत्वाधान में भूतपूर्व और वर्तमान छात्रों के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन करवाया गया। मैच में वर्तमान छात्रों की टीम विजयी रही।

क्रिकेट मैच का शुभारंभ एमएन कॉलेज शाहाबाद के प्राचार्य अशोक चौधरी द्वारा करवाया गया। प्राचार्य ने दोनों टीमों के कप्तानों के बीच टोस करवाया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने मुख्यातिथि डॉ. अशोक चौधरी को गेंद डाली एवं मुख्यातिथि ने बल्लेबाजी कर दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। भूतपूर्व छात्रों की तरफ से कप्तान साहिल ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। पहले खेलते हुए भूतपूर्व छात्रों की टीम ने 20 ओवर में 119 रन बनाकर, वर्तमान छात्रों को जीतने के लिए 120 रनों का लक्ष्य दिया।

वर्तमान टीम ने कप्तान राजीव मलिक की अगुवाई में खेलते हुए मात्र 14 ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर 8 विकेट से मैच में विजय प्राप्त की। सभी प्रतिभागियों को कॉलेज की तरफ से स्मृति चिह्न भेंट किया गया। डॉ. राजेश कुमार, संयोजक, एलूमनी अफेयर्स ने भूतपूर्व छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे हमेशा कॉलेज परिवार से जुड़कर अपने अनुभवों से वर्तमान छात्रों का मार्गदर्षन करें एवं सदैव कॉलेज परिवार से अपना सम्बंध इसी प्रकार से बनाए रखें। डॉ. कुलदीप सिंह ने विजेता टीम को बधाई दी और कहा कि वे आगामी अंतर्महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में भी बढ़ चढ़ कर भाग लें। इस अवसर पर डॉ. रवीष चैहान, डॉ. संदीप बंसल, डॉ. रूपेष गौड़, डॉ. मोहन लाल, प्रो. सुनीता रानी डॉ. नीरू बाला, डॉ. सुदेष बंसल इत्यादि मौजूद रहे। संवाद

**Organised Cricket Match between Olad and Current Students of the College on 13 Feb., 2021**

# इन्दिरा गांधी नैशनल कॉलेज, लाडवा में भूतपूर्व और वर्तमान छात्रों के मध्य खेला गया क्रिकेट मैच



लाडवा, यशबाबू न्यूज।
विनोद यादव।

इन्दिरा गांधी नैशनल कॉलेज, लाडवा के शारीरिक षिक्षा विभाग एवं एलूमनी अफेयर्स समिति के संयुक्त तत्वावधान से भूतपूर्व और वर्तमान छात्रों के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन करवाया गया। इस मैच में वर्तमान छात्रों की टीम विजयी रहीं। क्रिकेट मैच का शुभारम्भ डॉ. अशोक चैधरी, प्राचार्य, एम.एन. कॉलेज, शाहबाद द्वारा करवाया गया। डॉ. चौधरी ने दोनों टीमों के कप्तानों के बीच टॉस करवाया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने मुख्यातिथि डॉ. अशोक चैधरी को गेंद डाली एवं मुख्यातिथि ने बल्लेबाजी कर दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।

भूतपूर्व छात्रों की तरफ से कप्तान साहिल ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। पहले खेलते हुए भूतपूर्व छात्रों की टीम ने 20 ओवर में 119 रन बनाकर, वर्तमान छात्रों को जीतने के लिए 120 रनों का लक्ष्य दिया। वर्तमान टीम ने कप्तान राजीव मलिक की अगुवाई में खेलते हुए मात्र 14 ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर 8 विकेट से मैच में विजय प्राप्त की। सभी प्रतिभागियों को कॉलेज की तरफ से स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

डॉ. राजेश कुमार, संयोजक, एलूमनी अफेयर्स ने भूतपूर्व छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे हमेशा कॉलेज परिवार से जुड़कर अपने अनुभवों से वर्तमान छात्रों का मार्गदर्शन करें एवं सदैव कॉलेज परिवार से अपना सम्बंध इसी प्रकार से बनाए रखें। डॉ. कुलदीप सिंह विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा ने विजेता टीम को बधाई दी और कहा कि वे आगामी अंतर्महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में भी बढ़-चढ़कर भाग लें। इस अवसर पर डॉ. रवीश चैहान, डॉ. संदीप बंसल, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. रूपेश गौड़, डॉ. मोहन लाल, प्रो. सुनीता रानी डॉ. नीरू बाला, डॉ. सुदेश बंसल इत्यादि मौजूद रहे।

**Organised Cricket Match between Olad and Current Students of the College on 13 Feb., 2021**

दैनिक भास्कर | कुरुक्षेत्र | शुक्रवार 12 फरवरी, 2021

## इंदिरा गांधी कॉलेज में 46वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

# 5000 मीटर में बीए प्रथम वर्ष के सागर व 100 मीटर में दौड़ में प्रीति रही प्रथम

भास्कर न्यूज़ | लाडवा

लाडवा के इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में 46वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि विधायक मेवा सिंह ने किया। अध्यक्षता कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान पवन गर्ग ने की। मुख्यातिथि विधायक मेवा सिंह ने भीम स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि विधायक मेवा सिंह ने कहा कि कोई भी खेल खेलना बहुत ही अच्छी शारीरिक गतिविधि है, जिसके अभ्यास से व्यक्ति को तनाव और चिंता से मुक्ति मिलती है। मंच संचालन डॉ. संदीप बंसल, डॉ. राजेश कुमार और डॉ. अमित कुमार ने बखूबी निभाया। मौके पर मनदीप सिंह तूर, जितेन्द्र सिंह गिल, गौरव कंसल, मदन लाल, रोहित गर्ग, तेजपाल पूर्व सरपंच, एडवोकेट योगराज, हरिसिंह नंबरदार, सतपाल शर्मा, रामस्वरूप, शमशेर सिंह, गौरव, रतन सिंह मौजूद रहे।




लाडवा के इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में विजेता खिलाड़ियों के साथ विधायक मेवा सिंह व कॉलेज के स्टाफ सदस्य।

पहले दिन प्रतियोगिताओं में 5 हजार मीटर दौड़ (पुरुष) में सागर बीए प्रथम वर्ष, राहुल बीए प्रथम वर्ष तथा अंकुश बीए द्वितीय वर्ष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

1500 मीटर दौड़ में सागर, बीए प्रथम वर्ष, मुकेश, बीए प्रथम वर्ष तथा अंकुश, बीए द्वितीय वर्ष क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 800 मीटर दौड़ में सागर, बीए प्रथम वर्ष, मुकेश, बीए प्रथम वर्ष तथा आशिष बीकॉम तृतीय वर्ष क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। डिस्कस थ्रो में जतिन्द्र पाल सिंह, बीए द्वितीय वर्ष, साहिल सैनी, बीए तृतीय वर्ष और रीतेश कुमार बीकॉम द्वितीय वर्ष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर (महिला) दौड़ में प्रीति, बीए द्वितीय वर्ष, मनप्रीत, बीएससी द्वितीय वर्ष और प्रियंका, बीए द्वितीय वर्ष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर (महिला) दौड़ में प्रीति, बीए द्वितीय वर्ष, मनप्रीत, बीएससी द्वितीय वर्ष और प्रियंका, बीए द्वितीय वर्ष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**College 46th Annual Athletic Meet from 11 & 12 Feb., 2021.**

अमर उजाला शनिवार, 13 फरवरी 2021

# खेलकूद में सागर व प्रीति रहे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

संवाद न्यूज एजेंसी

लाडवा। इंदिरा गांधी नेशनल कालेज में चल रही 46वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हो गई।

प्रतियोगिता में पूर्व विधायक रमेश गुप्ता ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि समारोह की अध्यक्षता कालेज प्रबंधक कमेटी के प्रधान पवन गर्ग द्वारा की गई। 46वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में कालेज के बीएप्रथम वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी सागर व सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी प्रीति बीए प्रथम वर्ष रही। इस अवसर पर मुख्यातिथि रमेश गुप्ता ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि खेल आत्म नियंत्रण सिखाता है। प्रधान पवन गर्ग ने कहा कि चैंपियन बनने के लिए खिलाड़ी में इच्छाशक्ति, सपना, लगन और परिश्रम के गुण विद्यमान होने चाहिए। कालेज के प्राचार्य डा. हरिप्रकाश शर्मा ने खिलाड़ियों में जोश और उमंग को भरते हुए कहा कि जो खिलाड़ी कभी हिम्मत नहीं हारता उसे कभी नहीं हराया जा सकता।



विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते पूर्व विधायक रमेश गुप्ता व अन्य। संवाद

सभी खिलाड़ियों में एक प्रतिभा छुपी होती है केवल उस प्रतिभा को सामने लाने की आवश्यकता होती है इसलिए हमारे कॉलेज में हर वर्ष खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इससे पूर्व मुख्यातिथि व अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार व मैडल पहनाकर सम्मानित भी किया गया। समारोह में मंच का संचालन डा. रवीश चौहान, डा. संदीप बंसल व डा. सुदेश बंसल द्वारा किया गया। वहीं डा. कुलदीप सिंह, प्रधान पवन गर्ग, हरियाणा बीज निगम के निदेशक सरदार जितेंद्र सिंह गिल, हरप्रीत सिंह चीमा, जय पाल पांचाल, डा. बलबंत सिंह, मनप्रीत सिंह चीमा, संजय गांधी स्कूल के प्राचार्य धर्मेंद्र खेड़ा, उप प्राचार्य नरेंद्र शर्मा, शमशेर सिंह , रतन सिंह, रामपाल सैनी, मामचंद, दलबीर मौजूद रहे।

**College 46th Annual Athletic Meet from 11 & 12 Feb., 2021.**

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंबाला, शनिवार, 13 फरवरी 2021

# एकता, भाईचारे व देश प्रेम की भावना पैदा करते हैं खेल : गुप्ता

**• इंदिरा गांधी कालेज में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन**



लाडवा के इंदिरा गांधी नैशनल कालेज में विजेता छात्रों के साथ मुख्यातिथि व कालेज स्टाफ सदस्य। (डिम्पी)

लाडवा, 12 फरवरी(नरेश गर्ग) : लाडवा के इंदिरा गांधी नैशनल कालेज में आयोजित 46वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद-प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर शुक्रवार को थानेसर के पूर्व विधायक रमेश गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान पवन गर्ग द्वारा की गई। मुख्यातिथि पूर्व विधायक रमेश गुप्ता ने कहा कि खेल आत्मनियंत्रण सिखाता है। खेल खिलाड़ी के मन में एकता, सामाजिकता, देश प्रेम और अनुशासन की भावना पैदा करता है। आज इस भाग दौड़ वाले जीवन में युवा अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नही दें पा रहे हैं। जिसके कारण युवाओं में बीमारियाँ देखने को मिलती है। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान पवन गर्ग ने कहा कि चैंपियन बनने के लिए खिलाड़ी में इच्छाशक्ति, सपना, लगन और परिश्रम के गुण विद्यमान होने चाहिए। खेलों में बहुत से लोगों ने एक मिसाल कायम की है। आज देश में लड़के और लड़कियां दोनों खेल के सभी क्षेत्रों में भाग लें रहें है और देष का नाम रोशन कर रहे हैं। कालेज के प्राचार्य डा. हरिप्रकाश शर्मा ने कहा कि जो खिलाड़ी कभी हिम्मत नही हारता उसे कभी नही हराया जा सकता। उन्होंने कहा कि जब प्रतिभा कड़ी मेहनत नही करती है तो कड़ी मेहनत प्रतिभा को हरा देती है इसलिए नियमित अभ्यास करों। वहीं मंच का संचालन डा. रवीश चौहान, डा. संदीप बंसल और डा. सुदेश कुमार बंसल ने किया। वहीं 46वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी सागर, बी.ए. प्रथम वर्ष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी प्रीति, बी.ए. प्रथम वर्ष रही। कालेज प्रधान और प्राचार्य ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। वहीं मुख्यातिथि द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मैडल से सम्मानित किया। इस अवसर पर हरप्रीत सिंह चीमा, जयपाल पांचाल, डा. बलवंत सिंह, मनप्रीत सिंह चीमा, धमेन्द्र खेड़ा, नरेन्द्र शर्मा, शमशेर सिंह, रतन सिंह, रामपाल सैनी, मामचंद, दलबीर आदि मौजूद थे।

16-2-21

# ANNUAL SPORTS MEET IN COLLEGE

Kurukshetra: A two-day annual sports meet was organised at Indira Gandhi National College, Ladwa (Kurukshetra). The 46th sports meet was inaugurated by Ladwa MLA Mewa Singh along with Pawan Garg, president of governing body. Students, participated in various events such as sack race, chati race and tug of war. Sagar and Preeti from BA-I were declared the best athletes of the sports meet.

**College 46th Annual Athletic Meet from 11 & 12 Feb., 2021.**

# आईजीएन कॉलेज, लाडवा में विद्यार्थियों के साथ ऑनलाईन जुड़कर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

लाडवा, यशबाबू न्यूज।
विनोद यादव।



आज इन्दिरा गांधी नैशनल कॉलेज, लाडवा में कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ऑनलाईन योग करवाया गया। इस ऑनलाईन शिविर में श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के योगाचार्य योगेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों को योग से शरीर में होने वाले लाभकारी बातों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवन शैली और हमेशा के लिए बेहतर जीवन जीने में सहायता करता है। उन्होंने शिविर के मुख्य उद्देश्य सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए यौगिक क्रियाएं के अनुकूल विद्यार्थियों को जानकारी दे, उनका ज्ञानवर्धन किया।

ऑनलाईन से जोड़कर योग करवाने की जिम्मेदारी एन.सी.सी. इन्चार्ज डॉ. राजेश कुमार और शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. कुलदीप सिंह ने बखूबी निभाई। एन.सी.सी. कैडेट्स और स्वयंसेवकों सहित कॉलेज में पढ़ने वाले 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा योग किया। डॉ. राजेश कुमार ने जीवन में योग को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रतिदिन योग करने से बहुत से रोगों का नाष होता है। डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि योग शरीर और मस्तिष्क को एक साथ संतुलित करके प्रकृति से जुड़ने का सबसे सुरक्षित माध्यम है। डॉ. सुदेश बंसल ने कहा कि योग हमारे शरीर में ऊर्जा का विकास करता है।

प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने करो योग रहो निरोग का नारा बोलते हुए छात्रों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरणा दी। प्राचार्य ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है, इस काया को हम योग के माध्यम से ही कायम रख सकते है। आज के समय में हमारी बिगड़ती हुई दिनच्चर्या में योग ही एकमात्र ऐसा साधन है जो हमें स्वस्थ रख सकता है। हमें अपने आस-पास के लोगों, रिश्तेदारों एवं बच्चों को योग के लाभों को बताने के साथ ही उन्हें योग करने का नियमित अभ्यास भी कराना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. रूपेश गौड़ भी उपस्थित रहे।

**Celebrated International Day of Yoga on 21 June, 2021**

# नारा लेखन एवं पोस्टर बनाओ ऑनलाइन प्रतियोगिता का किया आयोजन

लाडवा (कैलाश गोयल)। लाडवा-इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज लाडवा के शारीरिक शिक्षा विभाग, रेड रिबन क्लब और स्वामी विवेकानंद युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में 31 मई 2021 को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नारा लेखन एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन किया गया था। विद्यार्थियों को 3 दिन का समय दिया गया था नारा लेखन लिखने और पोस्टर बनाने के लिए। सभी प्रतिभागियों की प्रविष्टियाँ ऑनलाइन माध्यम से ली गई और उनका आंकलन कर परिणाम घोषित किया गया।



इस प्रतियोगिता का उद्देश्य तंबाकू के बढ़ते प्रचलन और इसके सेवन से होने वाले हानिकारक प्रभावों की जागरूकता को बढ़ाना था। इस ऑनलाइन प्रतियोगिता में हरियाणा प्रदेश के छह अलग-अलग कॉलेजों के 53 प्रतिभागियों ने अपनी प्रविष्ठियां भेजी। इन प्रविष्ठियों में तंबाकू के नुकसान और प्रभावों को अलग-अलग रंगों और शब्दों के माध्यम से तंबाकू से बचने का संदेश दिया गया था। ऑनलाइन प्रतियोगिता में नारा लेखन से संबंधित 18 प्रविष्ठियां एवं पोस्टर से संबंधित 35 प्रविष्ठियां आई। महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के प्रधान पवन गर्ग ने विद्यार्थियों को इस प्रकार के जागरूकता अभियानों का वाहक बताते हुए तंबाकू और इस जैसे अन्य नशों से खुद को बचाने और अन्य को भी बचाने हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने बताया कि सभी प्रतिभागियों ने अपनी रचनाओं के द्वारा बहुत ही प्रभावशाली तरीके से अपने मनोभावों को प्रकट किया जिससे समाज में तंबाकू निषेध के प्रति जागरूकता पैदा हो और लोग तंबाकू से होने वाली बीमारियों से बच सकें। नारा लेखन में प्रथम स्थान गुंजन बीए तृतीय वर्ष श्री एलएन हिंदू कॉलेज, रोहतक, द्वितीय मुस्कान बीए प्रथम ,आई जी एन कॉलेज लाडवा ,तृतीय रीना बी.ए. द्वितीय डीएवी कॉलेज करनाल ,पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में खुश जीत कौर बी.ए. तृतीय वर्ष, आई जी एन कॉलेज लाडवा,द्वितीय, मवीश बी.ए. द्वितीय वर्ष चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पुंडरी और तृतीय स्थान काजल बी.ए. प्रथम वर्ष गवर्नमेंट कॉलेज ,रायपुर रानी को मिला इस प्रतियोगिता के दोनों आयोजकों डॉ. मोहन लाल और डॉ. कुलदीप सिंह जी ने सभी विजेताओं के प्रयासों की सराहना की और आगे बढ़ने को प्रेरित किया।

**Organised Poster Making & Slogan writing competitions on World No Tobacco Day to aware students on 31 May, 2021**

# 'नारा लेखन एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में गुंजन व खुशजीत कौर प्रथम'

लाडवा, 5 जून (शैलेंद्र) : विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य पर शनिवार को लाडवा के इंदिरा गांधी नैशनल कालेज में नारा लेखन एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कोरोना महामारी के चलते यह प्रतियोगिताएं ऑनलाइन आयोजित की गई। प्रतियोगिता का आयोजन कालेज के शारीरिक शिक्षा विभाग, रैड रिबन क्लब व स्वामी विवेकानंद युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कालेज की तरफ से 31 मई 2021 को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को 3 दिन का समय दिया गया था। नारा लेखन लिखने और पोस्टर बनाने के लिए।

कालेज प्रबंधन समिति के प्रधान पवन गर्ग ने विद्यार्थियों को इस प्रकार के जागरूकता अभियानों का वाहक बताते हुए तंबाकू और इस जैसे अन्य नशों से खुद को बचाने और अन्य को भी बचाने हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य डा. हरिप्रकाश शर्मा ने बताया कि सभी प्रतिभागियों ने अपनी रचनाओं के द्वारा बहुत ही प्रभावशाली तरीके से अपने मनोभावों को प्रकट किया, जिससे समाज में तम्बाकू निषेध के प्रति जागरूकता पैदा हो और लोग इससे होने वाली बीमारियों से बच सकें।



*नशे पर प्रतियोगिता में एक छात्र द्वारा भेजी गई प्रविष्टि।* (शैलेंद्र)

नारा लेखन में प्रथम स्थान गुंजन बी.ए. तृतीय वर्ष श्री एल.एन.हिंदू कालेज रोहतक, द्वितीय मुस्कान बी.ए. प्रथम आई. जी.एन. कालेज लाडवा, तृतीय रीना बी.ए. द्वितीय डी.ए.वी. कालेज करनाल रही। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में खुशजीत कौर बी.ए. तृतीय वर्ष आई.जी.एन. कालेज लाडवा, द्वितीय मवीश बी.ए. द्वितीय वर्ष चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी व तृतीय स्थान काजल बी.ए. प्रथम वर्ष गवर्नमैंट कालेज रायपुर रानी को मिला। इस प्रतियोगिता के दोनों आयोजकों डा. मोहन लाल व डा. कुलदीप सिंह ने सभी विजेताओं के प्रयासों की सराहना की और आगे बढ़ने को प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल का अन्य स्टाफ भी मौजूद था।

पंजाब केसरी (6.5.21)

**Organised Poster Making & Slogan writing competitions on World No Tobacco Day to aware students on 31 May, 2021**